खाता संख्या के अंतिम अंक के आधार पर राशि निकासी की तारीख निर्धारित - प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज योजना के तहत प्रधानमंत्री जनधन खातों की लाभार्थी महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-02-4-2020-9.docx (http://103.203.138.54/news/205638/document/LK-02-4-2020-9.docx)

DESCRIPTION

खाता संख्या के अंतिम अंक के आधार पर राशि निकासी की तारीख निर्धारित
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज योजना के तहत प्रधानमंत्री जनधन खातों की लाभार्थी महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था

जयपुर, 2 अप्रेल। जयपुर जिले में लाभार्थी महिलाएं उनके जनधन खातों में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज योजना के अन्तर्गत अप्रेल के प्रथम एवं दूसरे सप्ताह में जमा कराई राशि को जनधन खाता संख्या के अंतिम अंक के आधार पर निर्धारित दिनांक पर आहरित कर सकेंगी।

अग्रणी जिला प्रबन्धक जयपुर श्री एस.के.गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज योजना के जनधन खातों में योजनान्त्तत 500 रुपए अप्रेल माह के प्रथम व द्वितीय सप्ताह में जमा होते हैं। वर्तमान में कोराना संक्रमण से बचाव एवं बैंक शाखाओं, एटीएम, बी.सी प्वाइंट पर भीड़भाड़ की स्थिति से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा लाभार्थी महिलाओं द्वारा यह राशि निकाले जाने हेतु यह योजना तैयार की गई है। इसके तहत हर लाभार्थी महिला को अपने खाता नम्बर को जांच कर अंतिम अंक के आधार पर निर्धारित दिवस पर ही राशि निकलवाने आना चाहिए। यदि इस निर्धारित तिथि पर किसी कारणवश लाभार्थी अपने खाते से रुपए नहीं निकाल पाएं तब भी यह राशि खाते में सुरक्षित जमा रहेगी। अर्थात बाद में भी यह राशि निकाली जा सकेगी। जब तक आवश्यकता नहीं हो, घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।

खाता संख्या के अंतिम अंक के आधार पर राशि निकालने हेतु दिनों का निर्धारण
क्रम संख्या महिला लाभार्थी जिनके खाते का अंतिम अंक निम्नुसार है खाते में से रुपए निकालने की तिथ

0 अथवा 1 ———— 3.04.2020
2 अथवा 3 ———— 4.04.2020
4 अथवा 5 ———— 7.04.2020
6 अथवा 7 ———— 8.04.2020
8 अथवा 9 ———— 9.04.2020

श्री गुप्ता ने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया है कि कोराना संक्रमण से बचाव के लिए वे जब भी घर से निकलें या राशि निकलवाने की लाइन में खड़ी हों तो सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखें और बैंक अधिकारियों को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी स्थिति में भीड़ में नहीं जाएं।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.